पर आऊटर सिगनलों पर आधा घंटा से एक घण्टा तक खड़ा रखा जाता है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या इन गाड़ियों के रोक दिए जाने से अन्य स्थानों को जाने वाली दूसरी गाड़ियां निकल जाती हैं और यात्री उन्हें नहीं पकड़ सकते जिससे यात्रियों को बहुत असुविधा होती हैं; और

(घ) यह स्थिति सुधारने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं ?

रेल मंत्री (श्री टी. ए. पाई): (क) और (ख). जी नहीं। लेकिन जून, 1972 में 522 अप और 524 अप मानिकपुर-झांसी सवारी गाड़ियां झांसी स्टेशन के बाहरी सिगनल पर 10 मिनट से अधिक समय के लिए क्रमशः 6 और 2 बार रोकी गयी थी। मार्ग में खतरे की जंजीर खींचे जाने के कारण गाड़ियों को मार्ग उपलब्ध न होने के कारण इन गाड़ियों को रोका गया।

(ग) जी हां, कुछ ऐसे मौके हुए हैं।

(घ) इस आशय की हिदायतें दी जा चुकी है कि मानिकपुर-झांसी सवारी गाड़ियों के समयपालन में सुधार लाने और सम्बद्ध गाड़ियों के मेल को सुनिश्चित करने के लिए उनके संचलन पर कड़ी निगरानी रखी जाये।

झांसी-मानिकपुर लाइन पर एक्सप्रेस गाड़ी चलाना

291. श्री नाथूराम अहिरवार: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मध्य रेलवे में झांसी और मानिकपुर के बीच केवल दो यात्री गाड़ियां सुबह-शाम चलाई जाती हैं जिससे मानिकपुर से आगे इलाहाबाद या बनारस की ओर जाने वाले यात्रियों को उलटा कानपुर होकर जाना पड़ता है क्योंकि झांसी-मानकपुर लाइन पर कोई एक्सप्रेस गाड़ी नहीं चलती;

(ख) क्या सरकार उत्कल एक्सप्रेस को झांसी से बीना होकर जाने के स्थान पर मानिकपुर होकर जाने पर विचार करेगी; और

(ग) क्या सरकार आसाम मेल को जो आगरा से टूंडला होकर कानपुर जाती है सीधे आगरा से झांसी और मानिकपुर होकर चलाने पर विचार करेगी ?

रेल मंत्री (श्री टी. ए. पाई): (क) जी हां। झांसी और मानिकपुर के बीच दो जोड़ी सवारी गाड़िया चलती है, लेकिन इलाहाबाद और वाराणसी जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए बरास्ता मानिकपुर तीसरे दर्जे का एक 2 टियर शयनयान 522 अप/523 डाउन झांसी-मानिकपुर सवारी गाड़ी और 27 डाउन/28 अप दादर-वाराणसी एक्सप्रेस मे चलता है। इलाहाबाद जाने वाले यात्रियो के लिए 521 नं. झांसी मानिकपुर सवारी गाड़ी भी 4 डाउन बम्बई-हवड़ा डाक गाड़ी स मेल देती है।

(ख) जी नहीं।

(ग) जी नहीं। असम मेल इस समय भी आगरा होकर नहीं जाती।

Scheme for promotion of export of sports goods

292. SHRI B. S. BHAURA : Will the Minister of FOREIGN TRADE be pleased to state :

(a) whether India proposes to launch a scheme for the promotion of export of sports goods; and

(b) if so, the main features thereof ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FOREIGN TRADE (SHRI A. C. GEORGE) : (a) and (b) . There is already a scheme for promotion of export of sports goods. Its main features are :